# NSS द्वारा 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित

दिनांक 08 अप्रैल 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर के चिकित्सा विज्ञान संकाय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) की शिवाजी इकाई ने "नारी सशक्तिकरण" विषय पर एक बौद्धिक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और स्वयंसेविकाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था।

सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि जायसवाल, सहायक आचार्य, बायोकैमिस्ट्री ने अपने उद्बोधन में महिलाओं की शिक्षा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सशक्त महिलाएँ ही समाज की प्रगति और राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव हैं, और प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर समाज में सकारात्मक योगदान देना चाहिए।

डॉ. राजीव किशोर सक्सेना, विभागाध्यक्ष (सूक्ष्मजीव विज्ञान) ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण केवल सामाजिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला भी है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के माध्यम से समाज में नेतृत्व और प्रेरणा देने के लिए प्रेरित किया।

